आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट




वर्ष :13 अंक :361 पृष्ठ -4 दिनांक 04 जनवरी 2025 दिन शनिवार

# उत्तराखंड में बदलेगा मौसम का मिजाज, बारिश और बर्फबारी की संभावना

## मौसम विभाग ने 5 जनवरी से संभावित मौसम बदलाव को देखते हुए सतर्कता बरतने की सलाह दी

उत्तराखंड में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदलने की ओर है. मौसम विभाग ने 5 जनवरी से राज्य के पहाड़ी इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी का अनुमान लगाया है. 2500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने की संभावना जताई गई है, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी. 3 और 4 जनवरी को प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा, लेकिन 5 जनवरी से शुरू होने वाला यह बदलाव 7 जनवरी तक बना रह सकता है.मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ 5 जनवरी से सक्रिय होने जा रहा है. इस बदलाव के चलते उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में ठंड और बढ़ सकती है. नैनीताल और आ. सपास के क्षेत्रों में 6 जनवरी को हल्की बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने की संभावना है. हालांकि मैदानी इलाकों में कोहरा धीरे–धीरे छंटने लगेगा.देहरादून में मौसम फिलहाल शुष्क रहेगा और आसमान साफ रहने की उम्मीद है. यहां का अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस के करीब रहने का अनुमान है. दूसरी ओर, हल्द्वानी और उसके आसपास के इलाकों में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस



और अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. तराई के इलाकों में शीतलहर के कारण ठंड और कोहरा लोगों की दिक्कतें बढ़ा रहे हैं. हल्द्वानी समेत पहाड़ी इलाकों में सुबह से खिली रही धूप मैदानी क्षेत्रों में कोहरा और शीतलहर जारी है. इसके चलते स्थानीय लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं. सर्द हवाओं के चलते ठिठुरन और बढ़ गई है. लोग घरों में ही रहने को मजबूर हो गए हैं. गुरुवार को हल्द्वानी समेत पहाड़ी इलाकों में सुबह से धूप खिली रही. स्थानीय लोगों और पर्यटकों ने गुनगुनी धूप का आनंद लिया. हालांकि, ठंडी हवाओं के चलते तापमान में कमी महसूस की गई. देहरादून में भी सूरज ने दस्तक दी, लेकिन ठंड का असर बरकरार रहा. आपदा प्रबंधन विभाग को भी सतर्क रहने का निर्देशमौसम विभाग ने 5 जनवरी से संभावित मौसम बदलाव को देखते हुए सतर्कता बरतने की सलाह दी है. पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी के चलते सड़कें बंद हो सकती हैं और सामान्य जनजीवन प्रभावित हो सकता है. स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं. उत्तराखंड की बर्फबारी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहती है. लेकिन इस बार प्रशासन ने पर्यटकों को सतर्क रहने की अपील की है. ऊंचाई वाले इलाकों में यात्रा करने से पहले मौसम के पूर्वानुमान की जानकारी लेने और जरूरी तैयारियों के साथ यात्रा करने की सलाह दी गई है.कोहरा और ठंडी हवाओं ने जनजीवन को किया प्रभावित शीतलहर का प्रकोप तराई के इलाकों में ज्यादा महसूस किया जा रहा है. कोहरा और ठंडी हवाओं ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है. किसानों के लिए यह मौसम मुश्किलें खड़ी कर सकता है, क्योंकि ठंड का असर फसलों पर भी पड़ सकता है. 3–4 जनवरीरू प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा. 5–7 जनवरी 2500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले इलाकों में हल्की बारिश की संभावना है 6 जनवरी नैनीताल और आ. सपास के इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है.लोगों को अलर्ट रहने की दी सलाह मौसम विभाग की इस भविष्यवाणी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के लोगों को अलर्ट रहने की सलाह दी गई है. ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े पहनने और जरूरतमंदों की सहायता करने की अपील की गई है.

## यूपी में चली तबादला एक्सप्रेस, 46 IAS अफसरों का ट्रांसफर

उत्तर प्रदेश सरकार ने शासन स्तर पर बड़े पैमाने पर बदलाव किए हैं. इनमें 46 आईएएस अफसरों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया गया है. इस बदलाव के बाद कई प्रमुख सचिवों के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव देखने को मिले हैं. इन फेरबदल से राज्य के प्रशासनिक ढांचे में नई ऊर्जा का संचार होने की उम्मीद है. इस बदलाव के तहत संजय प्रसाद को यूपी सरकार ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सा. ैंपी है. प्रसाद को प्रमुख सचिव गृह के पद पर नियुक्त किया गया है. वह वर्तमान में मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रमुख सचिव के पद पर कार्यरत हैं. वह अब गृह विभाग का भी चार्ज संभालेंगे. इससे पहले, संजय प्रसाद मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रमुख सचिव के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे और अब उनका नया कार्यभार उनके प्रशासनिक अनुभव को देखते हुए अहम माना जा रहा है. बताया जा रहा है कि संजय प्रसाद की तैनाती सुरक्षा और कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से की गई है.संजय प्रसाद के अलावा, वैभव श्रीवास्तव को गृह सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है. गृह सचिव के रूप में उनकी भूमिका प्रदेश के कानून व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यों को सुचारू रूप से चलाने की होगी.अनुज कुमार झा को सचिव नगर विकास की जिम्मेदारीअजीत कुमार को सचिव कृषि विभाग के पद पर नियुक्त किया गया है. कृषि विभाग के सचिव के रूप में उनकी जिम्मेदारी राज्य में कृषि विकास को बढ़ावा देना और किसानों की स्थिति में सुधार करना होगा. अनुज कुमार झा को सचिव नगर विकास बनाया गया है. नगर विकास विभाग के सचिव के रूप में वह शहरी क्षेत्रों में सुधार और विकास कार्यों की निगरानी करेंगे.मुखख सचिव बेसिक शिक्षा के पद से हटाए गए एमके सुंदरम एमके सुंदरम को प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा के पद से हटाया गया है. उनकी जगह नए अधिकारी की तैनाती की जा सकती है, ताकि बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में सुधार की गति तेज हो सके. इसके अलावा, प्रदेश में कई अन्य आईएएस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किए गए हैं, जिनमें कुछ अफसरों को नई तैनाती मिली है. कई अफसरों की सेवा. निवृत्ति के बाद उनकी जगह नई नियुक्तियां की गई हैं.

## भीषण ठंड के बीच यूपी के कई शहरों में छाया घना कोहरा, 4 डिग्री तक गिरा तापमान



उत्तर प्रदेश में इन दिनों भीषण ठंड पड़ रही है. पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवाओं की वजह ने लोगों की कंपकपी छूट रही हैं. इस बीच शुक्रवार को नोएडा, गाजियाबाद समेत प्रदेश के कई जिलों में घना कोहरा छाया है. जिसकी वजह से विजिबिलिटी काफी कम है. थोड़ी दूर देखना भी मुश्किल हो रहा है. कोहरे का असर सबसे ज्यादा यातायात पर देखने को मिल रहा है. हालांकि मौसम विभाग ने आज किसी तरह की चेतावनी जारी नहीं की है. लेकिन आने वाले दिनों में सर्दी का सितम जारी रहेगा. मौसम विभाग ने शुक्रवार 3 जनवरी को मौसम शुष्क रहने का अनुमान जताया है. इस दौरान सुबह और शाम के समय कहीं–कहीं छिछला और मध्यम कोहरा छाए रहने की संभावना है. हालांकि किसी तरह की चेतावनी जारी नही की है. शुक्रवार सुबह इसका असर भी देखने को मिल रहा है. यूपी के कई जिले को. हरे की चादर में लिपटे दिखाई दे रहे हैं. अगले दो दिन मौसम ऐसा ही रहेगा. लेकिन 6 जनवरी को एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा. इन जिलों में हो सकती है बारिश अफगानिस्तान से सक्रिय हुआ पश्चिमी विक्षोभ हिमालयी क्षेत्र का ओर बढ़ रहा है जिसमें चलते 6 जनवरी को गाजियाबाद, बागपत, मेरठ, हापुड़, अम. रोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, शामली और सहारनपुर में एक या दो स्थानों पर बारिश हो सकती है. बारिश की वजह से तापमान में एक बार फिर से गिरावट देखने को मिलेगी. बर्फीली हवाओं की वजह से मैदानी इलाकों में कोल्ड डे का कहर देखने को मिल रही है. उम्मीद है कि अगले 24 घंटों में अधिकतम तापमान ने बढ़ोतरी देखने को मिलेगी जिससे ठंड में राहत मिलने की उम्मीद है. मौसम विभाग के मुताबिक यूपी में न्यूनतम पारा लुढ़ककर 4 डिग्री के आसपास पहुंच गया. गुरुवार को चुर्क में सबसे ठंडा दिन रहा, यहां न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. जबकि फुर्सतगंज में न्यूनतम तापमान 4.9, कानपुर नगर में न्यूनतम तापमान 5.0, कानपुर देहात, बलिया और अयोध्या में 5.5, इटावा में 5. 6, वाराणसी में 5.7, प्रयागराज में 6.4 और अलीगढ़ में न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

## अल्लीपुर भूड़ सरकी में मानव अधिकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान ने किये लिहाफ वितरण

जननायक सम्राट डॉ आसिफ सिद्दीकी

आज थाना सैद नगली के (धक्का मोड) अल्लीपुर भूड़ सरकी ग्राम प्रधान इसरार अहमद सैफी के द्वारा गरीब मजबूर लोगों को सर्दी से बचने के लिए लिहाफ वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मानव अधिकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान को बुलाया गया और उनसे लिहाफ वितरण करवाए गए। इसरार अहमद सैफी ग्राम प्रधान ने बताया कि यहां पर गरीब मजबूर और जिनके पास सर्दियों से बचने के लिए लिहाफ नहीं थे इसको देखते हुए आज लिहाफ वितरण कार्यक्रम का मेरे द्वारा आयोजन किया गया। जिसमें काफी लोगों को लिहाफ बांटे गए। मुख्य अतिथि आए मानवाधिकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान ने बताया कि हमारे मानव अधिकार संगठन का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का निस्तारण कराना और बच्चों के लिए



शिक्षा गुणवत्ता पूर्वक कराना गरीब मजबूर लोगों की सहायता करना सरकार द्वारा चलाई जारी सभी योजनाओं का लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाना। यह पहला हमारा दायित्व है हम चाहते हैं हर वर्ग के लोगों को किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े मानव अधिकार संगठन का मकसद सिर्फ सभी लोगों की मदद करना है आज इसी को ध्यान मैं रखते हुए ग्राम प्रधान इसरार अहमद द्वारा गरीब के शहर लोगों को लिहाफ वितरण किए गए जिससे गरीब लोगों को सर्दियों से बचने का अवसर प्रदान हुआ।

## हसनपुर कोतवाली पहुंचे ग्रामीण दबंग व्यक्तियों के खिलाफ की कार्रवाई की मांग

जननायक सम्राट/डॉ आसिफ सिद्दीकी

अमरोहा हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव भीमाठीकरी के ग्रामीण गुरुवार को भारी संख्या में एकत्र होकर कोतवाली पहुंचे और कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह से मुलाकात की।ग्रामीणों ने कोतवाल से शिकायत करते हुए बताया कि गांव के दो दबंग किस्म के व्यक्ति आए दिन उन्हें बेवजह परेशान करते हैं। इन व्यक्तियों द्वारा लगातार आरोप लगाकर और मारपीट कर ग्रामीणों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कोतवाल से इन दबंगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।ग्रामीणों का कहना था कि अगर इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन



करने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान नरेश, वीर सिंह, सुभाष, भूकन, नैन सिंह, देवदत्त, अमर सिंह, रणवीर सिंह, टेक. चंद, लालमन, भीमसेन और मुरारी समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## अमरोहा में साइबर टीम ने वापस कराए 1 लाख रूपए

जननायक सम्राट/डॉ आसिफ सिद्दीकी अमरोहा पुलिस लगातार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने में जुटी है। इसके साथ ही पुलिस साइबर क्राइम को लेकर भी अलर्ट है। यही वजह है कि गुरुवार को अमरोहा की साइबर क्राइम टीम ने साइबर ठग द्वारा एक व्यक्ति के बैंक खाते से निकाले गए एक लाख रुपए को वापस कराया है।अमरोहा नगर के मोहल्ला कुरैशी के रहने वाले पीड़ित मोहम्मद सुलेमान पुत्र ताहिर ने बीती 17 दिसंबर को अमरोहा एसपी कुंवर अनुपम सिंह को शिकायती पत्र देते हुए गुहार लगाई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके बैंक खाते से धोखाधड़ी करके एक लाख रुपए निकाल लिए हैं। रुपए जाने से उसे बहुत बड़ी क्षति हुई है वह काफी परेशान है। इसके बाद एसपी के निर्देश पर थाना साइबर क्राइम की टीम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू की।काफी कोशिश के बाद पीड़ित के बैंक खाते से निकाले गए एक लाख रुपए वापस कर लिए। साथ ही गुरुवार को पीड़ित के खाते में एक लाख रुपए ट्रांसफर किए, जहां पीड़ित ने साइबर क्राइम टीम और अमरोहा एसपी का शुक्रिया अदा किया। उधर अमरोहा की साइबर क्राइम टीम के प्रभारी इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह ने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा है कि अपने बैंक खाते से संबंधित कोई जानकारी, ओटीपी, पासवर्ड या गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। किसी अंजान लिंक या एप्लिकेशन पर भुगतान न करें। खुद भी जागरूक रहें और आसपास के लोगों को भी साइबर अपराध के बारे में जागरूक करे।

## नगर पंचायत के सामुदायिक शौचालय का हाल बदहाल

जननायक सम्राट/डॉ आसिफ सिद्दीकी अमरोहानगर पंचायत के सामुदायिक शौचालय का हाल बदहाल। वार्ड नंबर 14 में बना सामुदायिक शौचालय का हाल बद से बत्तर हो चुका है। जबकि इसका निर्माण ग्राम पंचायत कार्यकाल में कराया गया थाजिसका मकसद था जो मेंन मार्केट में व्यापारी रहते हैं उनके लिए इस सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया था जो की मेंन मार्केट के बिल्कुल और ग्राम पंचायतकार्यालय के पास में है जिसका हाल आप देखेंगे की बहुत ही बुरा हो चुका है शौचालय का?हाल देखकर निकलने वाले को भी उस रास्ते से निकलना बड़ा मुश्किल होता है शौचालय के अंदर देखा जाए तो गंदगी के अंबार लगे हुए हैं आम पब्लिक की सुविधा के लिए शौचालय का निर्माण कराया गया था परंतु नगर पंचायत बने हुए भी लगभग 2 वर्ष के लम सम होने वाले हैं मगर इस शौचालय पर नगर पंचायत के संबंधित अधिकारियों का कोई भी ध्यान नहीं है ना तो शौचालय के अंदर पानी की व्यवस्था ना ही सफाई कर्मचारियों द्वारा सफाई की व्यवस्था शौचालय के अंदर इतने बुरे हाल हैं कि उसके अंदर सोच करना भी बड़ा मुश्किल हो गया है। जबकि यहां पर सफाई कर्मी रोज आते हैं परंतु इस शौचालय की कोई भी सफाई नहीं की जाती ग्राम पंचायत कार्यकाल में यहां पर पानी की व्यवस्था भी कराई गई थी आज हाल यह है कि ना तो इसमें पानी की व्यवस्था है और ना ही सफाई की व्यवस्था इसका जिम्मेदार कौन ? जबकि जिंदगी का अहम हिस्सा एक सफाई भी है बीमारी से बचने का महत्वपूर्ण अंग है सफाई परंतु सफाई तो दूर की बात यहां तो पानी की व्यवस्था नहीं कि गई। अब देखना होगा कि संबंधित अधिकारी इस पर कब तक संज्ञान लेते हैं और सामुदायिक शौचालय को बेहतर कब तक बनाते हैं यह शौचालय वार्ड नंबर 14 मोहल्ला मनिहारान में आता है।

# प्रेम प्रसंग के चलते 16 वर्षीय किशोरी ने खाई जहरीली दवा, उपचार के दौरान मौत

एटा उत्तर प्रदेश के एटा जनपद के थाना अवागढ़ क्षेत्र के नगला मोती गांव क्षेत्र में एक 16 वर्षीय किशोरी अंजलि ने प्रेम प्रसंग के चलते गेहूं में डालने वाली जहरीली दवा खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की, किंतु घटना के दूसरे दिन उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के समय मृतिका अंजलि की मां एटा कोर्ट में तारीख करने आई हुई थी। मृतिका की मां से प्राप्त जानकारी के अनुसार अंजलि का प्रेम संबंध उसके मेकै के एक लड़के अनुज से चल रहा था। वह उससे शादी करना चाहती थी जिसका परिवार द्वारा विरोध किया जाता था, किंतु वह मानने को तैयार नहीं थी। अंजलि की मौसी ने बताया कि परिवार के समझाने बुझाने की कोशिशों के बाद भी अंजलि ने उनकी बात नहीं मानी और बीती दोपहर मैं अंजलि ने घर में रखी



गेहूं में डालने वाली जहरीली दवा सल्फास खा ली।जहरीला पदार्थ खाने के बाद अंजलि की तबीयत बिगड़ने लगी तो परिवार के लोग तुरंत उसे 108 एंबुलेंस बुलाकर आवागढ़ अस्पताल ले गये। जहां उसे उपचार के लिए भर्ती कराया गया तो वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे एटा मेडिकल कॉलेज रैफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान दूसरे दिन उसकी मौत हो गई। समाचार लिखे जाने तक परिवार के लोगों ने कोई तहरीर थाने में नहीं दी है।क्षेत्राधिकार जलेसर नीतिश गर्ग ने बताया की प्रेम प्रसंग के चलते एक किशोरी ने जहरीली दवा पी ली थी, जिनकी उपचार के दौरान मौत होने की सूचना है। परिजनों ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। अगर कोई तहरीर प्राप्त होती है तो रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी साथ ही परिजन अभी तक पोस्टमार्टम कराने को भी तैयार नहीं है।पुलिस वक्त घटना की बारीकी से जांच कर रही है और परिजनों से आगे कार्रवाई करें पोस्टमार्टम करने के लिए व रही है किंतु परिजन पोस्टमार्टम को तैयार नहीं है पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इस हत्या में कहीं परिजनों क नहीं है यह दुखद घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है और प्रेम प्रसंग के चलते किशोरी द्वारा उठाए गए इस क चारों ओर चर्चा है।

## लाइटिंग साइन बोर्ड से . जगमगाएंगे स्मारक

एटा। शहर में महापुरुषों के स्मारक लाइटिंग साइन बोर्ड से जगमगाएंगे। नगर पालिका ने काम शुरू कर दिया है और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर बोर्ड लगा दिया गया है।शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए पा. लिका प्रयास कर रही है। पूर्व में शहर के जीटी रोड पर हर विद्युत खंभे पर ति. रंगा लाइटें लगवाई गईं। अब शहर के प्रमुख स्मारकों पर उन्हीं के नाम के लाइटिंग साइन बोर्ड लगाए जाएंगे, जो रात के समय जगमगा उठेंगे। पालिका ने विभिन्न चौराहों व तिराहों पर स्थित स्मारकों को चयनित कर लिया है। पा. लिका प्रशासन के अनुसार जल्द ही सभी स्मारकों पर लाइटिंग साइन बोर्ड लगाए जाएंगे। साथ ही अन्य सुंदरीकरण का कार्य भी किया जाएगा। पंडित दीन दयाल उपाध्याय चौक के बाद कल्याण सिंह मार्ग पर लाइटिंग साइन बोर्ड के साथ इस स्थान को आकर्षक बनाया जाएगा।पालिकाध्यक्ष सुधा गुप्ता ने बताया कि अन्य शहरों की तर्ज पर एटा शहर को भी सुंदर व आकर्षक बनाने का प्रयास कर रहे हैं। शहर के सभी विद्युत खंभों पर तिरंगा लाइटें लगवाई जा चुकी हैं। अब स्मारकों पर उन्हीं के नाम के लाइटिंग साइन बोर्ड लागाए जा रहे हैं। इसके बाद शहर के बाजारों व मार्गों के नाम के लाइटिंग बोर्ड लगवाने की रूपरेखा तैयार कर रहे हैं। ताकि रात के समय शहर लाइटिंग से सुंदर लगने के साथ ही बाहर से आने वाले लोगों को बाजार व जगह पूछने की आवश्यकता न पड़े।

## कासगंज क्षेत्र के प्रमुख चौराहों तिराहों पर ड्रिंक एंड .ड्राइव, ओवर स्पीड, मोडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ अभियान चलाया गया

जननायक सम्राट/ संवावदाता अमित कुमार कासगंज : पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगरध्यातायात आंचल चौ. हान के नेतृत्व में प्रभारी यातायात लक्ष्मण सिंह द्वारा शहर कासगंज क्षेत्र के प्रमुख चौराहोंधतिराहों पर ड्रिंक एंड ड्राइव, ओवर स्पीड, मोडिफाइड सा. इलेंसर के खिलाफ अभियान चलाया गया और आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया यथा–नशे की हालत में वाहन न चलाना, निर्धारित गति सीमा से अधिक गति में वाहन न चलाना, मोडिफाइड साइलेंसर न लगवाना, सड़क पर स्टंटिंग न करना, माल वाहक वाहनों पर सवारी न बैठाना, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बै. ठाना और हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाना, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट बांधना , लेन ड्राइविंग आदि



के बारे में विस्तार से बताया गया। क्योंकि यह देखा जाता है कि आए दिन जगह–जगह हादसे देखने को मिलते हैं क्योंकि यातायात का पालन वाहन चलाने वाले वाहन चालक नहीं करते हैं जिससे वह हादसों का शिकार हो जाते हैं इसी के चलते कासगंज यातायात प्रभारी ने मय टीम के साथ यह मुहिम चलाते हुए जगह–जगह चेकिंग अभियान चलाकर लोगों को यातायात नियमों के पालनो से अवगत कराया। प्रभारी यातायात कासगंज मय टीम द्वारा बाजारो में हो रही भीड एवं यातायात को सुचारु रुप से संचालन हेतु बाजार में रोड पर खडे वाहनो को हटवाया गया व बाजार में दुकानदारो द्वारा किये अतिक्रमण एवं रोड पर रखे सामान को हटवाते हुऐ रोड व रास्ते पर अतिक्रमण कर रहे वाहनो के विरुद्ध कार्यवाही की गयी । साथ ही जनपद में वाहन चौकिंग अभियान के यातायात पुलिस द्वारा अतिक्रमण अभियान के दौरान रोड पर रोड पर खड़े 17 वाहनों के चालान किए गए, साथ ही और दुपहिया वाहन पर तीन सवारी ध्चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट न लगानेध्ऑटो में क्षमता से अधिक सवारी पायदान या दरवाजो पर लटक कर सवारियों को यात्रा कराने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करना धड्रिंक एंड ड्राइव लाल नीली ध्मॉडिफाइड साइलेंसर जाति सूचक ध्संप्रदाय सूचक आदि वाहन पर लिखने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए यातायात नियमों की उल्लंघन करने 167 वाहन चालकों के चालान किए गए ।


## 10 लीटर अवैध कच्ची शराब सहित एक शराब माफिया दबोचा



कासगंज (पटियाली) आए दिन जनपद कासगंज के थाना क्षेत्रो में शराब माफियाओं के शराब तस्करी के काले कारनामे देखने व सुनने को मिल जाते हैं वही कासगंज प्रशासन कुछ कम नहीं शराब माफिया के नाक में नकेल कसके रख दी है। हाल ही में कासगंज में आई तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक अंकित शर्मा ने अपराधियों को अपराध न करने की चेतावनी देने के साथ–साथ अपराध को रोकने का अभियान चला दिया है इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा के निर्देशन में जनपद में अवैध शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम देर कल शाम थाना पटियाली पुलिस द्वारा अभियुक्त साहब सिंह पुत्र जोखी लाल निवासी हकीमगंज थाना पटियाली जनपद कासंगज को गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है। इस संबंध में थाना पटियाली पर मु0अ0सं0 04ध2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई है

## कासगंज में पुलिस लाइन में शुक्रवार को परेड का आयोजन किया गया

कासगंज में पुलिस लाइन में शुक्रवार को परेड का आयोजन किया गया। कड़कड़ाती ठंड के बावजूद पुलिसकर्मी और अधिकारी परेड में मौजूद रहे। इस मौके पर एसपी अंकिता शर्मा ने परेड की सलामी ली और पुलिसकर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई।पुलिस लाइन की सभी शाखाओं का निरीक्षण किया एसपी ने अनुशासन और एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई। इसके साथ ही पुलिस लाइन की सभी शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने यूपी 112 पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरण, फर्स्ट ऐड किट आदि की जांच की।उनकी साफ–सफाई और देखरेख के लिए पु. लिसकर्मियों को निर्देश दिए। एसपी अंकिता शर्मा ने पुलिसकर्मियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने और बेहतर प्रदर्शन के लिए हमेशा तैयार रहने की सलाह दी।



## उत्तर प्रदेश के कासगंज में 2018 में (अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद) कार्यकर्ता चंदन गुप्ता की हत्या मामले में 28 दोषियों को उम्र कैद की सजा सुनाई गई।

उत्तर प्रदेश के कासगंज में 2018 में ।ठटच (अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद) कार्यकर्ता चंदन गुप्ता की हत्या मामले में 28 दोषियों को उम्र कैद की सजा सुनाई गई। लखनऊ छप्। कोर्ट के जस्टिस विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने शुक्रवार को यह फैसला सुनाया।कोर्ट ने गुरुवार को 28 आरोपियों को दोषी करार दिया था। इस फैसले के खिलाफ दोषियों की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। गुरुवार को मामले में दोषी सलीम कोर्ट में पेश नहीं हुआ था। उसने शुक्रवार को कोर्ट पहुंचकर सरेंडर किया।कासगंज में 26 जनवरी, 2018 को चंदन गुप्ता की हत्या कर दी गई थी। उसकी मौत के बाद कासगंज में दंगे हुए थे। हालात इतने खराब हो गए थे कि प्रशासन को इंटरनेट बंद करना पड़ा था। करीब एक हफ्ते तक कासगंज में जगह–जगह दंगे हुए थे।हिंदू युवा वा. हिनी के करीब 100 कार्यकर्ता बाइक पर तिरंगा और भगवा झंडा लेकर निकले। चंदन गुप्ता भी इसी भीड़ में शामिल था।प्रशासन ने यात्रा निकालने की इजाजत नहीं दी थी, लेकिन ये लोग नहीं माने। छोटी–छोटी गलियों वाले कासगंज कोतवाली इलाके में घुस गए। ये लोग मुस्लिम आबादी वाले बड्डू नगर की एक गली से गुजरने की जिद करने लगे।वहां स्थानीय लोग पहले से गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम कर रहे थे। तभी नारेबाजी शुरू हो गई। माहौल बिगड़ा और दोनों तरफ से पथराव शुरू हो गया। एक गोली चली, जो सीधे चंदन को लगी। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वो बच नहीं पाया। मौत की खबर फैलते ही कासगंज शहर में दंगा शुरू हो गया।हालात बिगड़ने की आशंका से बाजार बंद करा दिए गए। तत्कालीन सांसद राजवीर सिंह और मौके पर पहुंचे। प्रदर्शन के बीच दोपहर 2 बजे आरोपियों पर कार्रवाई का भरोसा मिलने पर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। शाम 7 बजे पोस्टमॉर्टम के बाद चंदन का शव घर लाया गया।इसके बाद शहर में तनाव फैलने लगा। पूरे शहर में PAC और फोर्स तैनात कर दी गई। लखनऊ से अफसर और मंत्री अपडेट लेते रहे। रात 12 बजे केस दर्ज कर 31 लोगों को आरोपी बनाया गया। मुख्य आरोपी तीन भाई सलीम, वसीम और नसीम को बनाया गया।इस मामले में दिसंबर, 2018 में पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। 2019 में ट्रायल शुरू हुआ। 24 जनवरी, 2019 को चंदन की बहन कीर्ति को लोकमित्र के पद पर जॉइनिंग दी गई। 5 जुलाई, 2019 को कीर्ति को पद से हटा दिया गया।2020 में दो मुख्य आरोपी वसीम और नसीम जमानत पर जेल से बाहर आ गए। परिवार की ब्ड से अपील के बाद नवंबर 2021 में केस लखनऊ की NI। कोर्ट में ट्रांसफर हो गया। तब से सुनवाई चल रही थी।नसरुद्दीन और असीम कुरैशी को सबूत के अभाव में बरी कर दिया था। जबकि एक आरोपी 1 अजीजुद्दीन की मौत हो चुकी है।जिन 28 आरोपियों को सजा हुई। इनके नाम हैं– वसीम, नसीम, जाहिद, आसिफ, असलम, अकरम, तौफीक, खिल्लन, शवाब अली, राहत, सलमान, मोहसिन, आसिफ, साकिब, बबलू, जीशान, वासिफ, इमरान, शमशाद, जफर, साकिर, खालिद परवेज, फैजान, इमरान, साकिर, आमिर रफी, मुनाजिर और सलीम। इनमें से 26 आरोपी लखनऊ जेल में बंद हैं। मुना. जिर कासगंज जेल में बंद है। वहीं, सलीम ने आज छप्। कोर्ट में सरेंडर किया।चंदन के पिता सुशील गुप्ता प्रा. इवेट अस्पताल में मैनेजर हैं। मां संगीता गृहिणी हैं। भाई विवेक गुप्ता सरकारी राशन की दुकान चलाते हैं। गुरुवार को दैनिक भास्कर से बातचीत में मां संगीता ने कोर्ट से दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की थी।

## कासगंज में 3 दिसंबर शुक्रवार को मृतक चंदन गुप्ता के 28 हत्यारों को NI कोर्ट सजा सुनाएगा।



कासगंज में 3 दिसंबर शुक्रवार को मृतक चंदन गुप्ता के 28 हत्यारों को छप्। कोर्ट सजा सुनाएगा। सजा सुनाने से पहले मृतक चंदन की मां संगीता गुप्ता ने अन्न और जल का त्याग कर दिया है। उन्होंने अपने घर पर अखंड ज्योति भी जलाई है। मृतक चंदन की मां अपने बेटे के हत्यारों को सजा सुनाने के बाद ही जल और अन्न ग्रहण करेंगी। वो भगवान से और कोर्ट से आरोपियों के लिए फांसी की मांग कर रही है।कोर्ट ने 30 आरोपियों को दोषी पायाआपको बता दें वर्ष 2018 की 26 जनवरी को कासगंज शहर में तिरंगा यात्रा निकालने के दौरान चंदन गुप्ता की हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में 30 आरोपी थे। जिनकी सुनवाई लखनऊ छप्। कोर्ट में चल रही थी। 2 दिसंबर को कोर्ट ने 30 आरोपियों को दोषी पाया। एक आरोपी को बरी कर दिया। जबकि एक आरोपी की मौत हो चुकी है। अब कोर्ट 3 दिसंबर को आरोपियों को सजा सुनाएगा।चंदन के घर पहुंची, तो कोर्ट के सजा सुनाने से पहले मृतक चंदन की मां ने अपने घर के मंदिर में अखंड ज्योति जला रही थी। मृतक की मां ने कहा की जब तक कोर्ट आरोपियों को सजा नही सुनाती है। तब तक उनकी अखंड ज्योति जलती रहेगी। उन्होंने अन्न और जल का त्याग कर दिया है। जब आरोपियों को सजा सुनाई जाएगी, तब वो अन्न और जल ग्रहण करेंगी। चंदन की मां भगवान और न्यायालय से आरोपियों के लिए फांसी की मांग कर रही है। जिससे की कोई ऐसी घटना को फिर ना कर सके। फिर कोई मां अपना बेटा खो सके।

# अलीगढ़ में मामूली कहासुनी पर दो पक्षों में जमकर बवाल, अंबेडकर की प्रतिमा भी हुई क्षतिग्रस्त

## अलीगढ़ के थाना हरदुआगंज क्षेत्र के गांव सपेरा भानपुर में दो पक्षों में मामूली कहासुनी के बाद जमकर हुआ बवाल



अलीगढ़ के थाना हरदुआगंज क्षेत्र के गांव सपेरा भानपुर में दलित समुदाय के दो पक्षों के बीच खेलने के दौरान हुई मामूली कहासुनी के चलते हुई मारपीट के बाद जमकर बवाल हो गया. इस विवाद में गांव के अंदर लगी बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा भी क्षतिग्रस्त हो गई. दलित समुदाय के एक पक्ष के लोगों ने दलित समुदाय के दूसरे पक्ष के लोगों पर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग. स्त किए जाने का आरोप लगाया. इस घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है. इस घटना की सूचना मिलते ही अतरौली सीओ समेत इलाका थानाअध्यक्ष पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए. पुलिस ने घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा और मामले पर अग्रिम कार्रवाई कर रही है.दरअसल पूरा मामला थाना हरदुआगंज क्षेत्र के सपेरा भानपुर गांव का है. जहां दलित समुदाय के युवक विशाल कुमार का आरोप है कि उसका मामा का लड़का कालू और उसका साथी शशांत देर शाम करीब 7रू00 बजे मोहल्ले के अंदर खेल रहे थे. तभी मोहल्ले के ही वाल्मीकि समाज के युवक नवीन से खेलने के दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी. जिसके बाद नवीन कुमार ने अपने परिवार के लोगों सहित अज्ञात लोगों के साथ मिलकर हमला बोलते हुए पथराव करना शुरू कर दिया. अंबेडकर की प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्तइसके बाद दोनों ही पक्षों के लोग अपने अपने हाथों में लाठी डंडे लेकर आमने–सामने आ गए और देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे के ऊपर ईंट पत्थर बरसाते हुए पथराव करना शुरू कर दिया. जिसमें दोनों पक्षों से कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए भर्ती कराया गया. वहीं इस घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण स्थिति बन गई. इस विवाद में गांव के अंडर लगी भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा को भी नुकसान पहुंचा है. एक पक्ष के लोगों ने वाल्मीकि पक्ष के लोगों पर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को पथराव से क्षतिग्रस्त किए जाने का आरोप लगाया.क्षेत्राधिकारी अतरौली सर्जना सिंह ने बताया कि ताला नगरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत दो पक्षों के बीच मारपीट की सू. चनापुलिस को प्राप्त हुई. जिस पर थाना पुलिस और स्वयं उनके द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर मौके का मुआयना किया गया. मारपीट के दौरान गांव के अंदर लगी डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा भी क्षतिग्रस्त हो गई.जिसके बाद दोनों ही पक्षों के लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ निरोधआत्मक कार्रवाई कर दी गईं है. थाने पर तहरीर प्राप्त करते हुए मुकदमा दर्ज कर अन्य वैधानिक कार्रवाई की जा रही है. साथ ही गांव में पुलिस बल तैनात है.

## जिलाधिकारी नें छेरत सुड़ियाल में आरआरसी सेंटर का किया निरीक्षण




अलीगढ़ जिलाधिकारी विशाख जी द्वारा शुक्रवार को विकासखण्ड जवां की ग्राम पंचायत छेरत सुड़ियाल का स्थलीय भ्रमण कर आरआरसी सेंटर का निरीक्षण करने के साथ ही डोर–टू–डोर कूड़ा संग्रहण कार्यों का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने सेंटर में कार्यरत सफाईकर्मियों से कूड़ा पृथ्थकरण एवं उसके बाजार में विक्रय संबंधी जानकारी की। उन्होंने पंचायत सेक्रेटरी एवं ग्राम प्रधान को आरआरसी सेंटर में दो अति. रिक्त सफाई कर्मियों की भी तैनाती करने के निर्देश दिए।निरीक्षण में पाया कि ग्राम में अब तक स्वच्छता शुल्क के रूप में लगभग 70 हजार रूपये की धनराशि एकत्र हुई है। एक कूड़ा संग्रहण वाहन के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 205 घरों से कूड़ा संग्रहण का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान एवं पंचायत सेक्रेटरी को निर्देशित किया कि जमा धनराशि से एक और कूड़ा संग्रहण वाहन क्रय कर लिया जाए ताकि और अधिक परिवारों से कूड़ा संग्रहण किया जा सके। उन्होंने कहा के ग्राम पंचायत नगर निगम सीमा से सटी हुई है ऐसे में कचरे के निस्तारण के लिए नगर निगम से समन्वय स्थापित किया जाए। उन्होंने आरआरसी सेंटर को और अधिक प्रभावशाली बनाए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि आरआरसी सेंटर को नियमित क्रियाशील रखा जाए ताकि ग्राम में दृश्यमान स्वच्छता स्थापित हो सके। निरीक्षण के दौरान सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, एसडीएम कोल दिग्विजय सिंह, प्रभारी डीपीआरओ मोहम्मद राशिद उप. स्थित रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन राजा बलि की कथा श्रवण कराया



अलीगढ़ महानगर पक्की सराय नवमान आवास पर श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन राजा बलि की कथा श्रवण कराया गया जिसमे वामन अवतार का भी दर्शन करवाया। जिसमे वामन अवतार का भी दर्शन करवाया गया। नवमान आवास के प्रांगण में श्री श्री 108 श्रीमद भगवादकथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन मोहल्ले के काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे । बता दे की यह भगवादकथा 7 जनवरी तक चलने वाली है ।वहीं चौथे दिन जहां बाल व्यास आचार्य संजय कृष्ण महाराज ने कहा कि जीवन में अच्छे रास्ते पर जाना है तो संकल्प लेना जरूरी है हर बच्चे को अपने माता–पिता की बातों को मानना चाहिए और सबसे बड़ा भगवान माता–पिता ही होता है जिनके ऊपर माता–पिता का आशीर्वाद है उन्हें संसार में सब कुछ प्राप्त है साथ–साथ हर एक माता–पिता को चाहिए अपने साथ अपने बच्चों को भागवत कथा हो सत्संग हो कीर्तन हो अपने साथ जरूर लाना चाहिए क्योंकि धर्म की कथा सुनने से बच्चों में संस्कार अच्छी आती है अपने जीवन को कृतार्थ करने के लिए भगवान के प्रति अन्य विश्वास रखना चाहिए। वहीं नवमान आवास के प्रांगण में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक मोहल्ले के गणमान्य और श्रद्धालु भक्त की काफी संख्या में भीड़ उमड़ती है और पूरा प्रांगण परिसर भक्ति माहौल में गुंजायमान रहता है।

## नगर आयुक्त ने निर्माणाधीन निर्माण कार्यो का किया निरीक्षण



अलीगढ़ शुक्रवार को नगर आयुक्त विनोद कुमार ने नगर निगम निर्माण विभाग द्वारा शहर में कराये जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने एबीसी सेंटर और निर्माणाधीन कल्याण मंडप का बारीकी से निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने दोनों निर्माण स्थलों पर निर्माण सामग्री मानक गुणवत्ता को बेहद गंभीरता से लेने के निर्देश मुख्य अभियंता सुरेश चंद को दिए।नगर आयुक्त ने सर्व प्रथम निर्माणाधीन ए0बी0सी0 सेन्टर का निरीक्षण किया गया। बिल्डिंग के प्लास्ट का नमूना जांच हेतु भेजने के निर्देश दिए गये। जंगलों पर खिडकी न लगाने पर नाराजगी व्यक्त की गयी। निर्माण कार्य का थर्ड पार्टी एंस्पेक्शन कराने के निर्देश दिए तथा कार्य समय से पूरा न होने पर नाराजगी व्यक्त की गयी तथा कार्यों को गुणवत्तापूर्वक कराने के निर्देश दिए गये। नगर आयुक्त ने निर्माणाधीन कल्याण मण्डप का निरीक्षण किया गया निर्देश दिए गये कि निर्माण कार्य डी0पी0आर0 के अनुसार गुणवत्तापूर्वक कराने के लिए कहा गया। कालम की शटरिंग मानक से ज्यादा होने पर निर्देश दिए कि मानकों का अनुपालन किया जाये।

## AMU में एडमिशन लेने वालों के लिए बड़ी खबर

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के द्वारा एक और नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है. अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के द्वारा अबकी बार प्रवेश परीक्षा प्रणाली में बड़ा बदलाव करते हुए छात्रों के लिए अपने ही नियमों को बदल दिया है. जिसमें जहां पहले ऑफलाइन फॉर्म प्रवेश परीक्षा के लिए भरे जाते थे लेकिन अबकी बार सारा सिस्टम ऑनलाइन कर दिया गया है. अभी तक अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए छात्रों को कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते थे साथ ही फार्म में गलती होने पर उनके फॉर्म को रिजेक्ट कर दिया जाता था लेकिन अब ऑनलाइन के माध्यम से छात्रों के द्वारा प्रवेश लिया जाएगा साथ ही जो गलतियां हैं उसे सुधारने का मौका भी अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा ऑनलाइन माध्यम से दिया गया है.जिसको लेकर छात्रों के लिए ये राहत की बात है. कोसों दूर से छात्रों को चक्कर लगाने के बाद अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में प्रवेश परीक्षा देने आने पड़ता था लेकिन अबकी बार मुर्शिदाबाद और मल्लामपुरम जैसे दो सेंटर एएमयू के द्वारा बनाए गए हैं. जिससे पश्चिम बंगाल के अलग–अलग जगह के छात्रों को यहां प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने ना आना पड़ेगा और वह अपने सफर को काम करते हुए प्रवेश परीक्षा दे पाएंगे.।इन में प्रवेश परीक्षा फॉर्म 31 जनवरी तक भरे जाएंगेदरअसल पूरा मामला अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का है, जहां (एएमयू) ने वर्ष 2025–26 का प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिया है. बीए की प्रवेश परीक्षा नौ अप्रैल और कक्षा 11, डिप्लोमा इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा 27 अप्रैल को होगी. परीक्षा फॉर्म 31 जनवरी तक भरे जाएंगे. विलंब शुल्क के साथ 7 फरवरी तक फॉर्म भरे जाएंगे. फॉर्म में संशोधन के लिए 8 फरवरी से 11 फरवरी तक विंडो खुली रहेगी. वहीं बीए (ऑनर्स) फ्रेंच, जर्मन, स्पेनिश, इंटरनेशनल स्टडीज की प्रवेश परीक्षा 9 अप्रैल को होगी. बीएससी (ऑनर्स) कृषि (वित्तविहीन) की प्रवेश परीक्षा 13 अप्रैल को आयोजित होगी. बीएससी (ऑनर्स) विज्ञान, जीव विज्ञान, बी.कॉम, बीए (ऑनर्स) कला, सामाजिक विज्ञान प्रवेश परीक्षा 13 अप्रैल को होगी. बीएससी–डिप्लोमा पैरामेडिकल कोर्स की प्रवेश परीक्षा 16 अप्रैल को होगी. बीएएलएलबी की प्रवेश परीक्षा 20 अप्रैल और बीएससी नर्सिंग की 22 अप्रैल को होगी. डिप्लोमा इंजीनियरिंग, सीनियर सेकेंडरी स्कूल विज्ञान, सीनियर सेकेंडरी स्कूल (मानविकी, वाणिज्य), ब्रिज कोर्स की प्रवेश परीक्षा 27 अप्रैल को होगी. एएमयू द्वारा प्रवेश परीक्षा घोषित किए जाने के संबंध में विस्तार से कंट्रोलर से बातचीत की गई तो उनके द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में जहां पहले महज ऑफलाइन से एडमिशन हुआ करते थे अब सीधे तौर पर छात्रों को ऑनलाइन के माध्यम से एडमिशन मिलेगा. छात्रों को ऑनलाइन ही फॉर्म जमा करने हैं. पहले की तरह अबकी बार एडमिशन सिस्टम में बदलाव किए गए हैं. जहां पहले छात्रों को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के कार्यालय मे फार्म जमा करने आना पड़ता था लेकिन अबकी बार ऐसा नहीं है. अबकी बार अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के कार्यालय के चक्कर छात्रों को नहीं लगाने पड़ेंगे. छात्रों को घर बैठे ही ऑनलाइन के माध्यम से फार्म जमा हो जाएगा और फॉर्म में अगर कोई गलती है तो छात्रों को गलती सुधारने का मौका भी ऑनलाइन के माध्यम से दिया जा रहा है.प्रवेश परीक्षा के लिए 2 नए सेंटर बनाए गएजहां पहले छात्रों के ऑफलाइन फॉर्म में गलती होने की वजह से हजारों छात्र एडमिशन प्रवेश परीक्षा नहीं दे पाते थे लेकिन अब की बार ऑनलाइन के माध्यम से उनको उनकी गलती का पता चल जाएगा और उसके लिए निर्धारित समय भी दिया जाएगा. जिसमें वह अपनी गलती में सुधार कर सकें साथ ही अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के कंट्रोलर मुजीब उल्लाह जुबेरी के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया जिस तरह से अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में पहले सारे प्रवेश परीक्षा अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय कैंपस में हुआ करते थे लेकिन अबकी बार अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के द्वारा दो अन्य सेंटर भी बनाए गए हैं मल्लमपुरम व मुर्शिदाबाद,किशनगंज में भी अबकी बार प्रवेश परीक्षा आयोजित कराई जाएगी. जिससे वहां के छात्रों को यहां आने में परेशानी का सामना न करना पड़े. छात्रों के लिए अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के द्वारा की गई बड़ी पहल छात्रों को लाभ देने का काम करेगी.

## पर्व एवं परीक्षाओं के दृष्टिगत 17 मार्च तक महानगर में धारा 163-भारतीय नागरिक सुरक्षा लागू

अलीगढ़ अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर अमित कुमार भट्ट ने अवगत कराया है कि महानगर में 06 जनवरी को गुरू गोविन्द सिंह जयंती, 14 जनवरी को हजरत अली का जन्मदिवस, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस, 26 फरवरी को महाशिवरात्रि, 13 से 15 मार्च तक होली का त्योहार एवं विभिन्न मा0 आयोग द्वारा समय–समय पर आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत व अन्य संवेदनशील कारणों से आपातिक स्थिति है। स्थानीय अभिसूचना एवं अन्य माध्यमों से यह ज्ञात हुआ है कि इस अवसर पर कतिपय असामाजिक तत्व जिले की शान्ति–व्यवस्था भंग करने की कुचेष्ठा कर सकते हैं, जिससे महानगर की शान्ति एवं कानून–व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। ऐसी परिस्थिति में महानगर में शान्ति–व्यवस्था, कानून–व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने के लिये 17 मार्च 2025 तक धारा–163(4) भारतीय नागरिक सुरक्षा तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई उन्होंने निर्देशित किया है कि भारतीय नागरिक सुरक्षा लागू होने की अवधि में बैंकट हाल, मैरिज होम मालिक पार्टी, शादी के दौरान लाइसेंसी शस्त्रों का उपयोग नहीं करने देंगे और यदि उनकी बात नहीं मानी जाती है तो 112 नम्बर डायल कर पुलिस को सूचित करेंगे। कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार की अफवाह नहीं फैलाएगा व झूठी खबरों को प्रकाशित नहीं करेगा व न करायेगा और ना ही इसके प्रसारण में सहायक होगा, जिससे आम जनता, विभिन्न वर्गों, सम्प्रदायों के मध्य घृणा व द्वेष की भावना उत्पन्न हो अथवा शांति–व्यवस्था भंग होने की सम्भावना हो। कोई भी व्यक्ति ऐसी तस्वीर, कार्टून, हैण्डबिल, दीवार लेख, बैनर, पोस्टर आदि नहीं लिखेगा और प्रकाशित नहीं करेगा और न करायेगा, जिससे शान्ति–व्यवस्था भंग होने की सम्भावना हो। कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थलों यथा मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च से ऐसी कोई बात का प्रसारण या चर्चा नहीं करेगा जिससे समाज में भय, आतंक, सामुदायिक वैमनस्यता एवं अव्यवस्था उत्पन्न हो। कोई भी व्यक्ति अथवा संगठन किसी भी व्यक्ति व समुदाय के प्रति अपमानजनक भाषा या गाली का प्रयोग नहीं करेगा और न ही किसी का पुतला दहन कर व्यक्ति की मर्यादा को भंग करेगा और न ही उत्तेजनात्मक, साम्प्रदायिक नारे लगायेगा, जिससे किसी की भावनाओं को ठेस पहुँचे या शान्ति–व्यवस्थां भंग होने की सम्भावना हो। उन्होंने निद. शित किया कि कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थान पर, घरों, दुकानों, भवनों की छतों पर ईंट, पत्थर, रोड़े, कांच की. बोतलें, लोहे की सरिया, फेंककर मारे जाने वाली वस्तुएं व ज्वलनशील पदार्थ एकत्रित नहीं करेगा और ना ही करायेगा। कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्रों, परीक्षा स्थल व किसी भी सार्वजनिक स्थान पर बल्लम, चाकू, तलवार, भाला अथवा आग्नेयास्त्र जैसे बन्दूक, पिस्टल एवं ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ जैसे तेजाब लेकर नहीं जायेगा और ना ही अपने पास रखेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह प्रतिबन्ध ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी पर लागू नहीं होगा, अपाहिज या नेत्रहीन अपने सहारे के लिये छड़ी व सिक्ख धर्म के अनुयायी म्यान में कृपाण रख सकते हैं। कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्रों के आसपास 100 मीटर की परिधि में लाउडस्पीकर या अन्य ध्वनि प्रसारण यंत्र का प्रयोग बिना पूर्व अनुमति के नहीं करेगा। यह प्रतिबन्ध धार्मिक कार्यों के लिए परम्परागत रूप से शादी बारात, मन्दिर, मस्जिद, गुरुद्वारा में होने वाली प्रार्थना–सभा पर लागू नहीं होगा। संघ लोक सेवा आयोग, लोक सेवा आयोग की परीक्षायें निर्धारित कार्यक्रमानुसार आयोजित की जायेगी। कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थान के आस–पास किसी भी धमाकेदार आतिशबाजी या हवा में उड़कर आवाज करने वाली किसी आतिशबाजी का प्रयोग नहीं करेगा और न ही इसके लिये किसी को प्रेरित करेगा एवं कोई भी व्यक्ति सक्षम अधिकारी से अनुमति या लाइसेंस प्राप्त किये बिना कोई भी विस्फोटक पदार्थ, आतिशबाजी, पटाखे का निर्माण, भण्डारण करेगा, विक्रय, आदान–प्रदान एवं परिवहन नहीं करेगाअपर जिला मजिस्ट्रेट नगर ने निर्देशित किया कि कोई भी व्यक्ति विधि विरुद्ध प्रयोजन के लिए किसी सार्वजनिक स्थान पर पाँच या पाँच से अधिक व्यक्तियों का समूह नहीं बनायेगा और ना ही ऐसे समूह में शामिल होगा। साथ ही इसके रेलवे स्टेशन व सिविल लाइन की तरफ, शमशाद मार्केट व जमालपुर क्षेत्र के आस–पास एवं रेलवे रोड व मालगोदाम के आस–पास पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का समूह रात्रि के समय अनावश्यक रूप से एकत्र नहीं होंगे। यह प्रतिबन्ध ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी पर लागू नहीं होगा। भड़काने का कार्यकरेंउन्होंने स्पष्ट किया कि धारा–163 भारतीय नागरिक सुरक्षा अन्तर्गत यह आदेश महानगर क्षेत्र में तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है जोकि 17 मार्च 2025 तक लागू रहेगा, यदि इससे पूर्व इसे निरस्त न कर दिया जाये।यदि कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह इस आदेश का उल्लंघन करेगा तो वह धारा–233 के अन्तर्गत एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों एवं विधिक प्राविधानों के अन्तर्गत दण्ड का भागी होगा। यह आदेश सम्पूर्ण महानगर क्षेत्र अलीगढ़ में लागू होगा और समस्त व्यक्तियों पर लागू होगा जो इस अवधि में महानगर में रहेंगे या आवागमन करेंगे।

# हाथरस रुपए के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में हमलावरों ने युवक और दादी को मारी गोली

## हमलावरों ने युवक के सीने, पैर और दादी के पेट में मारी गोली, दोनों हुए गंभीर रूप से घायल

हाथरस रुपए के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में हमलावरों ने युवक और दादी को मारी गोली,जलेसर की ओर से दो बाइकों पर आ रहे पांच युवकों ने सनी की बाइक के आगे अपनी बाइक लगा दी। आरोपी ने गाली–गलौज करते हुए धमकी देने लगे और तमंचों से फायरिंग शुरू कर दी।हाथरस शहर के जलेसर रोड के गांव गढ़ी जैनी के निकट 2 जनवरी की रात करीब साढ़े सात बजे दो बाइकों पर सवार पांच युवकों ने पुरानी रंजिश के चलते दादी–नाती को गोली मार दी। मौके पर मौजूद युवती भी बाल–बाल बच गई। घायल अवस्था में दादी–नाती को उपचार के लिए बागला जिला अस्पताल लाया गया। यहां दोनों का उपचार जारी है। पुलिस ने एक आरोपी हमलावर को हिरासत में ले लिया है।गांव गढ़ी जैनी निवासी विनोद कुमार का 26 वर्षीय पुत्र सनी अपनी 18 वर्षीय बहन वर्षा के साथ 75 वर्षीय दादी जयमंती देवी को आंखों की दवा दिलवाने के लिए जलेसर रोड स्थित छतरी पर आया था। यहां से दवा दिलवाने के बाद दादी को पैरों का दर्द दूर करने की दवा दिलाने के लिए इगलास अड्डा पहुंचा। दवा दिलाकर सनी अपनी बहन वर्षा और दादी जयमंती देवी के साथ बाइक से गांव लौट रहा था। जैसे ही बाइक गांव गढ़ी जैनी के निकट पहुंची, तभी जलेसर की ओर से दो बाइ. कों पर आ रहे पांच युवकों ने सनी की बाइक के आगे अपनी बाइक लगा दी।बाइक को रोकने के बाद आरोपी गाली–गलौज करते हुए धमकी देने लगे और तमंचों से फायरिंग शुरू कर दी। सनी के सीने व पैर में गोली लग गई, जबकि जयमंती देवी के पेट में गोली लगी, जबकि वर्षा बाल–बाल बच गई। गोली लगने की आवाज सुनते ही मौके पर भगदड़ मच गई। वर्षा ने घटना की सूचना तत्काल फोन पर गांव में दी तो ग्रामीण व परिजन घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। गंभीर अवस्था में घायलों को उपचार के लिए बागला जिला अस्पताल लाया गया। सूचना पर सीओ सदर योगेंद्र कृष्ण नारायण पुलिस बल के साथ पहले अस्पताल और फिर घटनास्थल पर पहुंच गए। सीओ ने बताया कि फायरिंग करने वालों की तलाश में टीमें बनाकर दबिश दी जा रही है। एक आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। वर्षा ने बताया है कि उसने हमलावरों को पहचान लिया है।



## हाथरस में घने कोहरे में अलग–अलग स्थान पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में 12 लोग घायल


हाथरस में घने कोहरे में अलग–अलग स्थान पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में 12 लोग घायल हो गए। इनमें से कई की हालत गंभीर बनी हुई है। इस समय रोजाना घना कोहरा छाया रहता है। इसकी वजह से हादसे हो रहे हैं। अलग–अलग सड़क हादसों में 12 लोग घायल हो गए।सासनी कोतवाली क्षेत्र में अलीगढ़ रोड पर समामई के निकट एक मेटाडोर पेड़ में जा घुसी। इसमें चालक सुक्खा निवासी खजुरिया थाना मुरसान गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया।शुक्रवार सुबह सिकंद्राराऊ रोड पर पुलिस लाइन के निकट एक ऑटो में एक बोलेरो ने टक्कर मार दी। जिसमें छात्रा शालू, सुनीता और दलवीर निवासीगण रामपुर थाना हाथरस जंक्शन सहित छह लोग घायल हो गए। इनका इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया।घायलों का जिला अस्पताल में चल रहा इलाजहाथरस में जलेसर रोड पर गांव बेरगांव के निकट कोहरे में एक बाइक बस से जा टकराई। इस दुर्घटना में बाइक सवार रोहित निवासी जलेसर घायल हो गया। उसे भी गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

## हाथरस में जिला अस्पताल के सामने एक पैथोलॉजी लैब संचालिका का कुछ लोगों ने अपहरण करने का प्रयास किया



हाथरस में जिला अस्पताल के सामने एक पैथोलॉजी लैब संचालिका का कुछ लोगों ने अपहरण करने का प्रयास किया। इन लोगों ने उसे बेहोश भी कर दिया। पैथोलॉजी लैब संचालिका का आरोपियों से विवाद चल रहा है। बेहोशी की हालत में इस लैब संचालिका को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस ने पूछ. ताछ की और मामले की जानकारी हासिल की। हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र में जिला अस्पताल के सामने एक महिला एक पैथोलॉजी लैब की संचालिका है।उसका अपने ही एक पड़ोसी से विवाद चल रहा है और पूर्व में भी मुक. दमा काम हो चुका है। यह महिला चंदपा कोतवाली क्षेत्र के गांव की रहने वाली है। इस महिला का आरोप है कि जब वह अपने गांव जा रही थी तो रास्ते में चार लोगों ने उसके गले में फंदा डाल दिया और उसे बाइक पर बैठकर अपहरण करने का प्रयास किया। उसने जब शोर मचाया तो इन लोगों ने उसे नशे का इंजेक्शन दे दिया। इस पर वह बेहोश हो गई। इनमें से एक व्यक्ति को वह पहचानती है और उसे व्यक्ति ने उसे धमकी भी दी।होश आने पर पुलिस ने महिला से की पूछताछ बेहोशी की हालत में मिली इस महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पुलिस ने इस महिला से परे मामले की जानकारी की। इस मामले में दस महिला के बेटे की शिकायत मुक. दमा दर्ज किया गया

## पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने आज सुबह रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार परेड का निरीक्षण करते हुए सलामी ली



पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने आज सुबह रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार परेड का निरीक्षण करते हुए सलामी ली। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों को शारीरिक फिटनेस के लिए दौड़ लगवाई गई और अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोल. ीवार ड्रिल कराई गई।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों की वर्दी की जांच की और साफ–सुथरी वर्दी पहनने के निर्देश दिए। निलंबित पुलिसकर्मियों से वार्ता करते हुए उनके मुद्दों पर चर्चा की गई। परेड में उपस्थित डायल 112 के दोपहिया और चारपहिया वाहनों का निरीक्षण किया गया।वाहनों की सफाई, घटनास्थल किट, हूटर और अन्य उपकरणों की जांच की गई और प्रभारी डायल 112 को गाड़ियों के रखरखाव के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने परेड में उपस्थित डॉग स्क्वाड और ड्रोन कैमरे का भी निरीक्षण किया। इन इकाइयों के उपयोग और रखरखाव को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिए गए।अनुशासन के साथ ड्यूटी करने की चेतावनी परेड में प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी अमित पाठक, प्रतिसार निरीक्षक राजकुमार सिंह, वाचक पुलिस अधीक्षक ऋषीपाल सिंह, डॉग स्क्वाड, डायल 112 के कर्मी, सभी थानों और कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी उप. स्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बेहतर कार्य प्रणाली और अनुशासन के साथ ड्यूटी निभाने की प्रेरणा दी

## चंदपा कोतवाली क्षेत्र के नगला भुस स्थित वृद्ध आश्रम में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने दौरा किया



चंदपा कोतवाली क्षेत्र के नगला भुस स्थित वृद्ध आश्रम में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने दौरा किया। आश्रम की प्रबंधक नीतू मिश्रा और अन्य सदस्यों ने उन्हें बुके भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने वृद्धजनों से बातचीत कर उनका हाल–चाल जाना और उनकी दिनचर्या की जानकारी ली।आश्रम में इस समय 63 वृद्धजन रह रहे हैं, जिनमें 26 बुजुर्ग महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक ने आश्रम की खानपान और साफ–सफाई की व्यवस्था का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।पुलिस अधीक्षक ने वृद्धजनों को भरोसा दिलाते हुए कहा, ष्पुलिस आपकी सुरक्षा और सहायता के लिए हर समय तैयार है। यदि किसी भी समस्या का सामना करना पड़े, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।ष उन्होंने वृद्धजनों से उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली।ीतलहर में कंबल वितरण सर्दियों को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक ने आश्रम में मौजूद सभी वृद्धजनों को कंबल वितरित किए। इस कदम से वृद्धजनों में खुशी का माहौल रहा। इस मौके पर चंदपा कोतवाली प्रभारी और अन्य पु. लिसकर्मी भी मौजूद रहे। वृद्धजनों ने पुलिस अधीक्षक के इस संवेदनशील कदम की सराहना की और उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

## खांसी, जुकाम और बुखार जैसी मौसमी बीमारियां तेजी से फैल रही

हाथरस न्यूज सरकारी और निजी अस्पतालों में ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। महिला अस्पताल के एसएनसीयू (स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट) वार्ड में बड़ी संख्या में सर्दी–खांसी और बुखार से ग्रस्त बच्चे इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।जिला अस्पताल आई एक महिला ने बताया कि उसका बच्चा पिछले कई दिनों से सर्दी–खांसी से पीड़ित है और उसे इलाज के लिए अस्पताल लाना पड़ा। एक अन्य अभिभावक ने कहा कि उनके बच्चे को तेज बुखार है और अब उसकी स्थिति गंभीर हो रही है, इसलिए वे डॉक्टर की सलाह लेने पहुंचे हैं।डॉक्टरों की सलाहरू बचाव ही उपायएसएनसीयू वार्ड में तैनात चिकित्सक डॉ. शुभम ने बताया कि शीतलहर के कारण बच्चे कोल्ड डायरिया और श्वसन संबंधी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों को खांसी, जुकाम, बुखार और लूज मोशन की शिकायत हो रही है।डॉ. शुभम ने अभिभावकों से अपील कीबच्चों को गर्म कपड़े पहनाएं और उन्हें ठंड से बचाकर रखें। बच्चों को गुनगुना पानी पिलाएं और ठंडे पदार्थों से परहेज करें। यदि बच्चे में कोई लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। घर के अंदर तापमान स्थिर रखें और बच्चों को बेवजह ठंडी हवा में बाहर न जाने दें।अस्पतालों में भीड़ बढ़ी सर्दी के प्रकोप के चलते सरकारी और निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। डॉक्टरों ने शीतलहर के इस मौसम में बच्चों की खास देखभाल करने और ठंड से बचने के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी है। स्थानीय प्रशासन ने भी स्वास्थ्य विभाग को सतर्क रहने और अस्पतालों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## आशिकी में जब ट्रैक्टर से टकराई बाइक तो प्रेमिका को बताने लगा बहन, हाथरस का हैरान कर देने वाला मामला



हाथरस
उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में एक अजीब प्रेम कहानी देखने को मिली। जहां एक युवक अपनी नाबा. लिग प्रेमिका को बहलाकर बाइक पर भगाकर कर ले जा रहा था, तभी बाइक ट्रैक्टर से जा टकराई। इस दुर्घटना में प्रेमिका गंभीर रूप से घायल हो गई और युवक को भी चोट आई है। वहीं, हादसा देखने मौके पर जुटी लोगों की भीड़ ने दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में पहले यह युवक इस किशोरी को अपनी बहन बताने लगा, लेकिन मामले की जानकारी होने पर किशोरी के परिवार के लोग भी आ गए। डॉक्टरों ने किशोरी को गंभीर हालत में अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज भेज दिया।गंगीरी कोतवाली क्षेत्र के गांव हसनपुर निवासी एक युवक अजय का चंदपा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय एक किशोरी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बुधवार की शाम को यह युवक इस किशोरी से मिलने आया और फिर उसे बहलाकर बाइक पर अपने साथ ले जाने लगा। दोनों की प्लानिंग नए साल पर मौज मस्ती करने की थी। इसी दौरान शाम को शहर के बिजली कॉटन मिल चौराहे पर इस युवक की बाइक एक ट्रैक्टर से जा टकराई। इस दुर्घटना में यह युवक और उसके साथ बैठी किशोरी दोनों घायल हो गई।मौके पर भीड़ लग गई। कुछ लोगों ने इन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। वहां यह युवक इस किशोरी को अपनी बहन बताने लगा। इसी बीच किशोरी के परिवार के लोगों को भी इस मामले की जानकारी मिल गई। वह अस्पताल पहुंच गए। वहां से किशोरी को गंभीर हालत में अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। युवक ने बताया कि किशोरी की एक सहेली से उसकी पहले से परिचित थी और उसी के माध्यम से इस लड़की से उसकी दोस्ती हुई थी। इस लड़की ने उसे आज फोन करके बुलाया था और उसी से कहने पर आज मिलने आया था। उसे लेकर अपने साथ जा रहा था। वहीं, किशोरी के पिता ने इस युवक पर अपनी बेटी को भगाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली हाथरस गेट में लिखित शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

**आवश्यकता है**

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला ब्यूरो चीफमंडल ब्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संम्पादक
मोः-8218049162,8273402499

**जननायक सम्राट**
**हिन्दी साप्ताहिक**

मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित

सम्पादक–अमित कुमार वर्मा

सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा